

## शांतिकुंज परिसर में विशाल हिन्दू सम्मेलन में सनातन चेतना से गूंजा वातावरण

**बड़नगर।** सकल हिन्दू समाज के जागरण को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से मंगल पाण्डे बस्ती के तत्वावधान में सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक समरसता को समर्पित एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन शांतिकुंज परिसर में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही।

मुख्य वक्ता डॉ. हेडगेवार जन्मशताब्दी न्यास के सचिव रितेश सोनी रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में हिंदुत्व की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। इस अवसर पर उपस्थित संत गोपालकृष्णानंद ने अपनी ओजस्वी वाणी से जनसमूह को आशीर्वचन प्रदान करते हुए हिन्दू समाज की एकता एवं संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति दीदी मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए लव जिहाद विषय पर तीखी प्रतिक्तिया व्यक्त की तथा इसे हिन्दू समाज के लिए लव जिहाद को घातक बताते हुए जागरूकता का आव्हान किया। मंच पर महंत सरस्वतीदास महाराज, ज्ञानी चमनदीप सिंह, जटिया समाज मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश बैरागी, कार्यक्रम संयोजक सुरेश भावसार, सहसंयोजक नवीन बिलाला, रवि यादव सहित अन्य गणमान्यजन मंचासीन रहे।

शुभारंभ भजन एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक सस्वर पाठ से हुआ, जिसका सुंदर गायन विनय बादशाह एवं अभिनव शाह द्वारा किया गया। श्रीगणेश वंदना कुं आयुष शर्मा एवं कु. नंदिनी शर्मा ने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन का पावन कार्य अतिथियों के कर-कमलों से संपन्न हुआ। अतिथि परिचय राहुल शर्मा द्वारा दिया गया। अतिथियों का स्वागत दुपट्टा, शाल एवं श्रीफल भेंट कर रोहित शर्मा, दीपक यादव, दिलीप केवट, विजय टेपण, अभिनव शाह, कपिल सरसोदिया, मोनू परिहार, दीपक भावसार, अजय विजयवर्गीय, ऋषभ नीमा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने किया। इस अवसर पर विधायक जितेन्द्र सिंह पंड्या सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन पंकज भावसार ने किया व आभार कार्यक्रम संयोजक सुरेशचन्द्र भावसार ने माना।

### रंगमंचीय प्रस्तुतियों ने दिया जागरूकता का संदेश

रंगमंचीय सत्र में बालकों द्वारा प्रस्तुत नाट्य प्रस्तुति संघ के सायंकाल शाखा के बाल स्वयंसेवकों द्वारा दी गई। जो कि विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर की बालिकों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया साथ शिवाजी पाठ बालिका मंडल की नाट्य प्रस्तुति भी सराहनीय रही।

**यह भी रहा आकर्षण का केंद्र**-सम्मेलन में महापुरुषों की चित्र श्रृंखला विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भगवान श्रीराम-सीता की मनोहारी झांकी ध्वजों के मध्य अत्यंत भव्य प्रतीत हो रही थी। वहीं विधायक का सामान्य व्यक्ति की तरह नीचे भूमि पर बैठकर कार्यक्रम में सहभागिता करना उनकी सादगी का प्रतीक बना, जिसकी सर्वत्र चर्चा होती रही। मां भारती की आरती के पश्चात एक पंगत, एक संगत के संदेश के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# 150 विद्यार्थियों ने गाया राष्ट्रगान वंदे मातरम




**उज्जैन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के यशस्वी 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्कार भारती उज्जैन महानगर द्वारा 18 जनवरी रविवार को शाम 7 बजे पं. सूर्य नारायण व्यास संकुल कालिदास अकादमी में शत समर्पण कला उत्सव का आयोजन किया गया।**

संस्था के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही आवर्तन कला अकादमी के बच्चों द्वारा अर्चना आपटे तिवारी के निर्देशन मे ध्येयगीत की प्रस्तुती दी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री भगवतीलाल राजपुरोहित ने की। विशेष अतिथी चेतन सौजित्र, मुख्य अतिथि विनय यादव, विशिष्ट अतिथी श्रीपाद, संस्कार भारती इत्यादि का स्वागत संस्था के पदाधिकारी माया बदेका, गोपाल महाकाल, चंद्रशेखर गुर्जर, रितेश पंवार, नन्दन चावडा ने शाल एवं श्रीफल से किया। पंडित अभिषेक व्यास ने मनमोहक गिटार वादन की प्रस्तुति दी। नगर के लोकगायक रामचंद्र गंगोलिया द्वारा लोकगीतों की छटा बिखेरी गयी। जिसमे भारतीय ग्रामीण संस्कृती के दर्शन हुवे। लोकायन कला केंद्र द्वारा प्रज्ञा गढ़वाल के निर्देशन में लोक नृत्य, प्रतिभा कला केंद्र द्वारा प्रतिभा रघुवंशी एलची के निर्देशन में ध्येयनिष्ठा (कथक नृत्य), विभावरी नृत्य शाला (इंदौर) द्वारा पूर्वी पांडे के निर्देशन में भरतनाट्यम, त्रिनेत्र संस्कृत संस्थान द्वारा मयूरी शर्मा सक्सेना के निर्देशन में कथक नृत्य, छंदक कला अकादमी (इंदौर) द्वारा वैभवी लांडगे के निर्देशन में ओडिसी नृत्य, इत्यादि प्रस्तुतियों ने दर्शकों मन मोह लिया। सभी नृत्यों की प्रस्तुतियों मे रास्वसंघ के गीतों का समावेश किया गया था। वर्जिन मेरी स्कूल के 150 विद्यार्थियों ने अर्चना आपटे तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रगान वंदे मातरम उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन रितेश पंवार एवं संचालन पं. सुदर्शन आयाचित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्कार भारती की अध्यक्ष माया बदेका, कार्यकारी अध्यक्ष रितेश पंवार, कोष प्रमुख जयंत तेलंग, प्रांतीय संगठन मंत्री राहुल भौमिक, विजेंद्र वर्मा, गोपाल महाकाल, नंदन चावडा, चंद्रिका गुर्जर, चंद्रशेखर गुर्जर, संतोष व्यास, शुभम शर्मा, संजय शर्मा, योगेंद्र पिपलोनिया, माधव तिवारी, सुंदरलाल मालवीय, जगरूप सिंह चौहान, सूरज चक्रावदिया, कुलदीप, सूर्यदेव ओल्हन, पल्लवी किशन, पद्मजा रघुवंशी इत्यादि उपस्थित थे। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## सदैव अच्छाइयां तलाशो जीवन सफल हो जाएगा

**घट्टिया।** कोई भी कार्य अकारण नहीं होता है, सदैव हमें किसी भी कार्य में अच्छाई तलाशने की जरुरत है तो हमारा मनुष्य जीवन सफल हो जाएगा उक्त बात चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में देवी अहिल्या तारण की कथा सुनाते हुए कथा व्यास राष्ट्रीय संत पं. राजेश्वर महाराज बड़नगर वाले ने कही और साथ ही कहा कि जिस प्रकार देवी अहिल्या ने गौतम ऋषि के श्राप में अच्छाई ढूंढी की उनके श्राप के कारण आज मुझे प्रभु श्री राम की चरणरज पाकर भवसागर से मुक्ति मिली और जीवन सार्थक हो गया। कथा में ऋषि विश्वामित्र और राम लक्ष्मण प्रसंग का मंचन किया गया और प्रभु राम की बाल लीलाओं के वर्णन के साथ ताड़का वध की कथा सुनाई गई। साथ ही कथा के दौरान महज 11 वर्ष आयु के बटुक पुष्पराज वैष्णव ने शिव कथा का गुणनिधि द्वारा घर से चोरी करने भागने व बाद में भगवान शिव के प्रसाद की चोरी कर खाने से सारे दोषों से मुक्त होने की कथा का मार्मिक प्रसंग सुनाया जिसपर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। प्रतिदिन पूजन अभिषेक कार्य आचार्य चरण वैष्णव व आचार्य अनुज वैष्णव द्वारा सम्पन्न कराए जा रहे है। आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## पारंपरिक खेलों के साथ हुआ लायंस इंटरनेशनल का टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट

- रस्सी कूद, गुल्ली डंडा जैसे खेलों में दिखाया दम, विजेताओं को गणतंत्र दिवस पर करेंगे पुरस्कृत



**उज्जैन। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन स्पोर्ट्स लायन ऋषिराज अरोड़ा के मार्गदर्शन में माधव क्लब में ऐतिहासिक टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट के साथ ही रस्सी कूद, गुल्ली डंडा सहित कई भारतीय पारंपरिक गेम्स खेले गये।**

डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. लायन दीपक राजवानी ने बताया कि सैकड़ो लायंस साथियों की मौजूदगी में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में आनंद निगम, प्रभात श्रीवास्तव, आराध्या अरोड़ा, डॉक्टर प्रिंस कुशवाह, दो बार घनश्याम मारू, सुनील यादव निकिता महाजन मोना महेश्वरी सहित सभी टीम में मैन ऑफ़ द मैच के पुरस्कार तत्काल दिए गए। अन्य पुरस्कार गणतंत्र दिवस पर सभी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा पुरस्कृत खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। यह सभी पुरस्कार श्रीकांत वेशमपायन द्वारा प्रायोजित किए गए। महिला क्रिकेट टीम में श्वेता भार्गव झोन चेयरपर्सन की टीम डायनेमिक विजेता रही। रस्सी गेम, गुल्ली डंडा एवं अन्य पारंपरिक गेम्स के पुरस्कार भी स्वतंत्रता दिवस पर दिए जाएंगे। डिस्ट्रिक सेक्रेट्री लायन सुशील पोरवाल, रीजन चेयरपर्सन लायन प्रदीप यादव, गिरीश जायसवाल, संजय सक्सेना राजेश चौरसि संजय मित्तल, धर्मेंद्र सराफ, सुभाष दुबे सहित झोन चेयरपर्स लायन शैलेंद्र रावल, भूषण नायक, मनीषा अग्रवाल, श्वेता भार्गव, दिनेश राठौर, संजीव गडकरी, संजय शाह एवं सभी क्लबो के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पदाधिकारी के मौजूदगी में यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट संपन्न हुए।

## एक नजर में

### ज्योतिष पं अशोक शर्मा की पत्नि शकुंतला शर्मा का निधन

**घट्टिया।** वरिष्ठ शिक्षाविद बालकृष्ण शर्मा की पुत्र वधू एवं ज्योतिष पं. अशोक शर्मा की पत्नी शकुंतला शर्मा 68 का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। वे पत्रकार विश्वास शर्मा व अनंत शर्मा की भाभी जी थी। मुखाग्नि योगांश शर्मा ने दी। शनिवार को बालाजी परिसर जगोटी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुरातत्व विद डॉ. आरसी ठाकुर, डॉ. विनोद बैरागी, प्रताप सिंह गुर, संदीप कुलश्रेष्ठ, स्वदेश शर्मा, पुष्पेन्द्र शर्मा, गौरी परूलेकर, गुर्जर गौड़, राजेश शर्मा, बहादुर सिंह चौहान, रामेश्वर आंजना, नारायण सिंह बापू, किशोर शर्मा, कैलाश काका गट्टानी, भगवतीप्रसाद जोशी, कैलाश राठी,काले बाबू, डॉ. चैनसिंह चौधरी, पत्रकार रमेश गौड़, निर्भयसिंह भाटी, पीयूष सकलेचा, मनोज गुर्जर, गिरधारी लाल चौहान, आशीष उपाध्याय, संजय जोशी, संजय व्यास, अशोक बुरड़, धारासिंह जाट सहित गणमान्य जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार काबरा ने किया।

### विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने शौर्य यात्रा निकाली



**महिदपुर।** झारड़ा, खेड़ा खजुरिया एवं महिदपुर रोड प्रखंड के हजारों बजरंगी कार्यकर्ताओं द्वारा गणवेश एवं घोष के साथ अनुशासन में कदम ताल करते हुए महिदपुर नगर के प्रमुख मार्गों से निकला। कार्यक्रम स्थल गोपाल मांगलिक परिसर दादावाड़ी के पास एकत्रीकरण होकर ध्वज वंदन एवं बजरंग दल की प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अतिथि खगेंद्र भार्गव का सभी को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अन्य अतिथि विष्णु पाटीदार, नारायण सिंह पंवार, नागेश्वर राठौर, ओम पाठक, जीवन सिंह गुर्जर, राजेश रावल, कमल परमार मंचासीन रहे। जिले से कार्यकर्ता सम्मिलित हुए मुख्य वक्ता द्वारा हिंदू समाज को समरसता के साथ शौर्य का मंत्र दिया गया। कार्यक्रम में जिला उज्जैन ग्रामीण की पूरी कार्यकारणी, चारों प्रखंड की कार्यकारणी उपस्थित रही। यह जानकारी प्रखंड अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय के द्वारा दी गई।

### उज्जैन महानगर की 11 बस्तियों में हुआ विराट हिन्दू सम्मलेन

**उज्जैन।** संघ के शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर उज्जैन विभाग के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में रविवार को उज्जैन महानगर के पांच नगरों की 11 बस्तियों में विराट हिंदू सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन सम्मेलनों के माध्यम से हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। 1 जनवरी से प्रारंभ हुए शताब्दी वर्ष आयोजनों के अंतर्गत आयोजित इन सम्मेलनों में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। धार्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से सनातन परंपराओं, संस्कारों और सामाजिक मूल्यों पर व्यापक विमर्श हुआ। केशव नगर अंतर्गत चेतक केशव बस्ती, विक्रमादित्य नगर क्षेत्र में गोवर्धन बस्ती, अशोक मंडी बस्ती तथा रणकेचुर बस्ती, सुदर्शन नगर अंतर्गत तिरुपति सुदर्शन बस्ती, गोवर्धन बस्ती और धन्वंतरि बस्ती, माधव नगर क्षेत्र के किशनपुरा बस्ती, पंवासा बस्ती, कालिदास नगर अंतर्गत महानंदा बस्ती में सम्मलेन आयोजित हुए। सम्मेलनों को केतन सौजित्रा ने संबोधित किया। जिला आयोजन टोली, हिंदू सम्मेलन उज्जैन ने इन आयोजनों को सफल बनाने के लिए महानगर के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला आयोजन टोली के सदस्यों डॉ. सुशील गुप्ता, राकेश अग्रवाल, हजारीलाल मालवीय, डॉ. हेमंत जीनवाल एवं सीमा वशिष्ठ ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आगे भी इसी प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

## मड़ावदा मंडल के नेतृत्व में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**नागदा। मड़ावदा मंडल की अगवानी में ग्राम बड़ौदा में ग्रामवासियों द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन संयोजक दिनेश नाहर ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां विगत कई दिनों से हिंदुत्व से ओतप्रोत वातावरण के निर्माण के लिए की जा रही थीं। इसी क्रम में 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ।**

कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता की आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। भारत माता एवं श्रीराम के जयघोष से संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा। मंच पर खाचरौद श्रीरामद्वारा से पधारे संत हर्ष महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्य वक्ता बलराज भट्ट तथा सामाजिक कार्यकर्ता व नागदा से आमंत्रित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की नगर अध्यक्ष श्रीमती वर्षा मेहता मंचासीन रहीं।

संत हर्ष महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में उपस्थित जनसमुदाय को दिए। महिला वक्ता वर्षा मेहता ने ग्रामीणजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति की सराहना करते हुए राष्ट्रीय जागरण एवं जीवन में पांच परिवर्तन के माध्यम से जीवन उत्थान का संदेश दिया। उन्होंने स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्त्तव्य एवं कुटुंब प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से समझाया। वक्तव्यों के दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने बार-बार भारत माता की जय के उद्घोष लगाए। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ। आयोजन में मंडल के कोषाध्यक्ष उमाशंकर पाटीदार, मंडल के पदाधिकारीगण, ग्राम के गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## माता-पिता के सपनों को पूर्ण करना ही विद्यार्थी का परम् कर्त्तव्य : मनावत

**महिदपुर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर महिदपुर में प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ कथा वाचक पंडित श्याम मनावत ने भैया बहनों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए बताया कि मनुष्य के जीवन में समय सबसे महत्वपूर्ण होता है समय पर किया गया कार्य ही जीवन को सफलतम बनाता है। मनुष्य को अपने जीवन में कण और क्षण का महत्व समझना आवश्यक है, आपने ज्ञान के आदि देव भगवान शिव, माता सरस्वती एवं गणेश का वर्णन करते हुए ज्ञान के हस्तांतरण को बहुत ही प्रेरक प्रसंग के माध्यम से समझाया। छात्रों को आपने प्रेम से ज्यादा कर्तव्य को महत्व देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने प्रेम से ज्यादा कर्तव्य को महत्व दिया इसलिए वह आज हम सबके पूज्य हैं प्रवचन के अवसर पर मां शारदा शिक्षण समिति के गिरधारीलाल उथरा, विमलचन्द्र मेहता, भगवानसिंह पंवार, सुभाष ठाकुर, अंतरसिंह राजपूत, डॉ. मनोहरलाल सोनी, शिवनारायण राठौड़, मनोज यादव उपस्थित रहे। अतिथि परिचय प्राचार्य रामकृष्ण उपाध्याय एवं आभार समिति के सचिव नरेश पालीवाल ने माना। यह जानकारी मीडिया प्रभारी गोपाल दास बैरागी द्वारा दी गई।



## ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने कुमकुम, तिल महोत्सव मनाया

**नागदा।** मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी महिला मंडल द्वारा परंपरागत संस्कृति एवं सौहार्द के साथ तिल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने परस्पर कुमकुम-रोली लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की तथा तिल-गुड़ खिलाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

महिला मंडल अध्यक्ष वर्षा मेहता ने बताया कि तिल महोत्सव का आयोजन इंगोरिया रोड स्थित अटल निसर्ग उद्यान में किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार एक-दूसरे को उपहार भेंट किए और मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। आयोजन में पारिवारिक, आत्मीय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला। तिल महोत्सव में उर्मिला मेहता, महिला मंडल अध्यक्ष वर्षा मेहता, कविता तिवारी, ममता शर्मा, प्रीति कौशिक, सुचित्रा शर्मा, संध्या शर्मा, चंचल शर्मा, श्रीमती शर्मा, सुनीता पोरवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल द्वारा आध्या मेहता का जन्मदिन भी पारिवारिक माहौल में विभिन्न मनोरंजक खेल गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया, जिससे आयोजन और अधिक आनंदमय एवं स्मरणीय बन गया।

**एक नजर** — दरगाह, कब्र खुदाई मामले में भी इधर उधर भटक रहे समाजजन

## भू-माफिया संदीप चौपड़ा पर स्थानीय प्रशासन मेहरबान



**महिदपुर। धार्मिक नगरी में धार्मिक भावनाओं को आहत करने का एक मामला सामने आया था। जिसमें भू-माफिया ने ऐसा कृत्य कर दिया जिससे समाज जनों में काफी आक्रोश है। इस मामले में समाजजनों ने एक ज्ञापन भी एसडीएम को दिया और भू-माफिया पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। लेकिन स्थानीय प्रशासन तो शायद भू-माफिया के आगे नतमस्तक हो गया था।**

इसलिए समाजजनों को जिला कलेक्टर के पास पहुंचना पड़ा। फिर आज दिनांक तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई जबकि पंचनामा भी बन गया और पटवारी ने रिपोर्ट ही प्रस्तुत नहीं की। जब इस संबंध में तहसीलदार से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। जब तक वह जांच नहीं कर लेती पंचनामा रिपोर्ट पेश नहीं की जाएगी। बता दें कि संदीप चौपड़ा के मामले में इस प्रकार की लेटलतीफी कहीं ना कहीं स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई सवाल खड़े करती है। जबकि उक्त संदीप चौपड़ा पर जिलाबदर की कार्रवाई भी हो चुकी है।

मामले में जानकारी देते हुए इरफान बीसती ने बताया कि बारा पत्थर ग्राम में संदीप चौपड़ा ने मस्जिद के अंदर दरगाह, कब्रस्तान की भूमि पर जेसीबी चलाकर कब्रों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इस मामले में शिकायत दर्ज करा कर एसडीएम से भी चर्चा की गई थी। इस संबंध में पुलिस थाना से एक सूचना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें बताया गया कि पुलिस अधीक्षक को की गई शिकायत बारा पत्थर की भूमि के दस्तावेज पेश किए जाएं जिससे आगे की कार्रवाई की जा सकें। वहीं अमजद मगर ने बताया कि समाजजनों ने पंचनामा बनाकर पेश किया था। वहीं नकल के लिए भी आवेदन दिया था। वहीं भी हमें अभी तक नहीं मिली है। इधर सलीम खान ने बताया कि हमारे द्वारा पंचनामा बनाकर पेश किया गया था। लेकिन अभी तब इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। हमें कहा जा रहा है कि एक उच्च स्तरीय दल गठित होगा उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सलीम खान ने बताया कि दरगाह के आसपास की कब्रों को तोड़ कर वहां पर गेंहू की खेती कर दी गई है। जबकि मुस्लिम समाजजनों का एक प्रतिनिधिमंडल भी जिला कलेक्टर से लेकर पुलिस अधीक्षक तक गुहार लगा चुका है। फिर इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।